DEPARTMENT OF HINDI
St. Bede's College, Shimla

# हिंदी विभाग - प्रथम बैठक

दिनांक - 4 अगस्त, 2022

उपस्थित - डॉ. देविना अक्षयवर

सुश्री अंजना देवी

समय - 30 मिनट

**प्रथम बैठक की कार्यसूची -:**

- स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गतिविधि का आयोजन
- स्वतंत्रता सेनानियों की याद में माखनलाल चतुर्वेदी की कविता 'पुष्प की अभिलाषा' की प्रस्तुति पर चर्चा।
- छात्राओं के लिए वीर रस से ओत-प्रोत स्वरचित / मौलिक कविता लेखन पर चर्चा।
- छात्राओं को मंच संचालन के लिए तैयार करना।

हिंदी विभाग की प्रथम बैठक 4 अगस्त 2022 को हुई, इस बैठक में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों पर विचार- विमर्श हुआ। जिसमें छात्राओं को वीर रस से ओत -प्रोत कविताओं पर लेखन कार्य करवाने के लिए चर्चा की गई। साथ ही इन स्वरचित /मौलिक कविताओं की प्रस्तुति पर विचार किया गया। स्वतंत्रता दिवस पर स्वतंत्रता सेनानियों की याद में माखनलाल चतुर्वेदी द्वारा रचित 'पुष्प की अभिलाषा' कविता को प्रस्तुत करने की योजना बनाई गई, जिसके लिए हिंदी विभाग की द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राओं को प्रतिभागिता के लिए चयनित करने पर विचार किया गया। इसके अतिरिक्त छात्राओं को मंच संचालन के लिए तैयार करने पर योजना बनाई गई।

**प्रथम बैठक के कार्यवृत -**

1.सुश्री अंजना देवी द्वारा कार्यक्रम की रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

2.डॉ. देविना द्वारा द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राओं को मंच संचालन के लिए तैयार करवाया जाएगा।

3.महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा वीर रस पूर्ण स्वरचित व मौलिक कविताओं की रचना की जाएगी।



Scanned with CamScanner

DEPARTMENT OF HINDI
St. Bede's College, Shimla

# हिंदी विभाग - द्वितीय बैठक

दिनांक - 29 अगस्त, 2022

उपस्थित - डॉ. देविना अक्षयवर

सुश्री अंजना देवी

समय - 30 मिनट

द्वितीय बैठक की कार्यसूची -:

- समय -सारिणी के विषय में चर्चा
- अध्यापन हेतु विषय निर्धारण
- रजिस्टर पर कुछ विशेष चर्चा

हिंदी विभाग की द्वितीय बैठक 29 अगस्त 2022 को हुई, जिसमें डॉ. देविना अक्षयवर तथा सुश्री अंजना देवी दोनों प्राध्यापिकाओं के बीच समय सारिणी, अध्यापन हेतु विषयों के निर्धारण को लेकर चर्चा की गई। इसके साथ ही रजिस्टर पर छात्राओं की उपस्थिति दर्ज करने सम्बन्धी विषय पर भी चर्चा की गई।

द्वितीय बैठक के कार्यवृत -

1.डॉ देविना अक्षयवर बी. कॉम प्रथम वर्ष ,बी. ए. द्वितीय वर्ष तथा तृतीय वर्ष की छात्राओं को पढ़ाएंगी।

2.सुश्री अंजना देवी बी. ए. प्रथम ,द्वितीय तथा तृतीय वर्ष की छात्राओं को पढ़ाएंगी।



Scanned with CamScanner

DEPARTMENT OF HINDI
St. Bede's College, Shimla

# हिंदी विभाग - तृतीय बैठक

दिनांक - 6 सितम्बर 2022

उपस्थित - श्रीमती मीता खन्ना Khanna

श्रीमती संगीता शर्मा Sangeeta

डॉ. देविना अक्षयवर

सुश्री अंजना देवी

समय - 30 मिनट

**तृतीय बैठक की कार्यसूची -:**

- हिंदी सप्ताह एवं हिंदी दिवस के अवसर पर प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए गतिविधियों का आयोजन
- हिंदी से इतर विभागों के सहयोग और प्रतिभागिता पर विशेष चर्चा
- कार्यशाला के माध्यम छात्राओं को केनवा ऐप , ई -पोस्टर निर्माण तथा हिंदी टाइपिंग की जानकारी पर विस्तृत चर्चा
- प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के आयोजन पर चर्चा
- हिंदी दिवस के अवसर पर महात्मा कबीर के दोहों की गायन प्रस्तुति पर चर्चा
- हिंदी दिवस के अवसर पर 'पुकार' फिल्म के गीत 'इक तू ही भरोसा' गीत की गायन प्रस्तुति पर चर्चा।

हिंदी विभाग की तृतीय बैठक 6 सितम्बर 2022 को हुई, जिसके दौरान हिंदी सप्ताह एवं 14 सितम्बर को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों के आयोजन पर विचार- विमर्श हुआ। हिंदी सप्ताह (7 -14)के बीच पोस्टर निर्माण , बी. ए./बी. कॉम द्वितीय तथा बी. ए. तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगता में , बी. ए./ बी. कॉम प्रथम,तथा द्वितीय वर्ष की छात्राओं के लिए स्वरचित /मौलिक कविता पाठ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित करने पर योजना बनाई गई। साथ ही महाविद्यालय की पूर्व छात्रा तन्वी अग्रवाल द्वारा हिंदी विभाग की छात्राओं को कार्यशाला के माध्यम से केनवा ऐप पर ई- पोस्टर निर्माण तथा हिंदी टाइपिंग की जानकारी देने हेतु आमंत्रित करने पर विचार विमर्श किया गया।



Scanned with CamScanner

हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी विभाग के आलावा अन्य विभागों को भी आयोजन में सम्मिलित करने पर विचार किया गया, जंहा संगीत विभाग से विशेष सहयोग लेने पर विचार किया गया। हिंदी दिवस पर प्रसिद्ध समाज सुधारक एवं क्रांतिकारी कवि 'कबीर के दोहों' तथा 'पुकार' फिल्म के 'इक तू ही भरोसा' गीत की गायन प्रस्तुति की योजना बनाई गई। जिसके लिए हिंदी विभाग के अतिरिक्त संगीत विभाग, डी. एल. एड. विभाग की छात्राओं को प्रतिभागिता के लिए चयनित करने पर विचार किया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के प्रचार- प्रसार के लिए फेसबुक पेज के निर्माण पर भी विचार किया गया। इन समस्त गतिविधियों के आयोजन के लिए प्राचार्या से अनुमति ली गई।

तृतीय बैठक के कार्यवृत -

1.डॉ. देविना अक्षयवर हिंदी दिवस समारोह में बीज वक्तव्य देंगी।

2.सुश्री अंजना देवी हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सभी प्रतियोगिताओं की विजेता छात्राओं के नाम घोषित करेंगीं।

3.गीत प्रस्तुति में विशेषकर संगीत विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती संगीता शर्मा और उनकी छात्राओं से सहयोग लिया जाएगा।

4.हिंदी दिवस के कार्यक्रम का प्रचार प्रसार व्हाट्सअप ,ईमेल तथा फेसबुक जैसे डिजिटल माध्यमों द्वारा किया जाएगा।

Scanned with CamScanner

DEPARTMENT OF HINDI
St. Bede's College, Shimla

# हिंदी विभाग - चतुर्थ बैठक

दिनांक - 19 सितम्बर, 2022

उपस्थित - डॉ. देविना अक्षयवर

सुश्री अंजना देवी Anjna

समय - 30 मिनट

चतुर्थ बैठक की कार्यसूची -:

- हिंदी दिवस के कार्यक्रम की प्रेस रिपोर्ट तैयार करना।
- महाविद्यालय तथा वेबसाइट के लिए फोटो सहित रिपोर्ट तैयार करना।
- सभी प्रतिभागियों एवं विजेताओं की सूची तैयार करना।

हिंदी विभाग की चतुर्थ बैठक 19 सितम्बर 2022 को हुई, जिसमें हिंदी दिवस के सफल आयोजन की रिपोर्ट को विभिन्न हिंदी तथा अंग्रेजी अख़बारों में भेजने की योजना बनाई गई। इसके साथ ही सेंट बीड्स महाविद्यालय की वेबसाइट पर भी फोटो सहित रिपोर्ट भेजने हेतु विचार किया गया। हिंदी दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाली छात्राओं एवं विजेता छात्राओं की सूची तैयार की गई ताकि महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव के दिन सभी छात्राओं को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएँ।

चतुर्थ बैठक के कार्यवृत -

1.सुश्री अंजना देवी ने हिंदी दिवस पर रिपोर्ट तैयार की।

2.डॉ. देविना अक्षयवर द्वारा रिपोर्ट को महाविद्यालय की वेबसाइट पर फोटो सहित भेजा गया।

3.सुश्री अंजना देवी द्वारा प्रतिभागियों एवं विजेताओं की सूची तैयार की गई।



Scanned with CamScanner

DEPARTMENT OF HINDI
St. Bede's College, Shimla

## हिंदी विभाग - पांचवी बैठक

दिनांक - 4 अक्तूबर, 2022

उपस्थित - डॉ. देविना अक्षयवर

सुश्री अंजना देवी

समय - 20 मिनट

**पांचवी बैठक की कार्यसूची -:**

- हिंदी विभाग द्वारा प्रकाशित सूचना पत्र 'सृजन' के सम्पादिका तथा सह- सम्पादिका के चयन को लेकर चर्चा।
- महाविद्यालय द्वारा प्रकाशित पत्रिका 'इकोज' के हिंदी अनुभाग की सम्पादिका और सह सम्पादिका को चयनित करने के लिए मानदंड तैयार करना।
- सूचना पत्र 'सृजन' और महाविद्यालय द्वारा प्रकाशित पत्रिका 'इकोज' के हिंदी अनुभाग में छपने वाले विषयों के निर्धारण को लेकर चर्चा।

4 अक्तूबर, 2022 को सेंट बीड्स महाविद्यालय के हिंदी विभाग में विभागीय बैठक की गई। इस बैठक में महाविद्यालय द्वारा प्रकाशित होने वाली पत्रिका 'इकोज' तथा महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा प्रकाशित होने वाले सूचना पत्र 'सृजन' की सम्पादिका तथा सह -सम्पादिका के चयन को लेकर चर्चा की गई तथा छात्राओं के चयन के लिए विभिन्न मानदंडों पर विचार किया गया। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय की पत्रिका और हिंदी विभाग द्वारा प्रकाशित सूचना पत्र में छपने वाले विषयों के निर्धारण को लेकर चर्चा की गई।

**पांचवी बैठक के कार्यवृत -**

1. हिंदी विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. देविना अक्षयवर तथा प्राध्यापिका सुश्री अंजना देवी द्वारा सम्पादिका तथा सह सम्पादिका के चयन हेतु व्याकरण से सम्बंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

2.महाविद्यालय द्वारा प्रकाशित पत्रिका 'इकोज 'तथा हिंदी विभाग के सूचना पत्र 'सृजन' में छपने वाले विषयों का निर्धारण किया गया।



Scanned with CamScanner

**DEPARTMENT OF HINDI**
**St. Bede's College, Shimla**

## हिंदी विभाग - छठी बैठक

दिनांक - 11 अक्तूबर, 2022

उपस्थित - डॉ. देविना अक्षयवर

सुश्री अंजना देवी

समय - 30 मिनट

छठी बैठक की कार्यसूची -:

- आजादी के अमृत महोत्सव के तहत एक गतिविधि का आयोजन
- आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर वीरांगनाओं पर चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन

हिंदी विभाग की छठी बैठक 11 अक्तूबर, 2022 को हुई ,हिंदी विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. देविना अक्षयवर तथा प्राध्यापिका सुश्री अंजना देवी के बीच भारत की वीरांगनाओं पर एक चित्रकारी प्रतियोगिता आयोजित करवाने पर चर्चा की गई। चित्रकारी प्रतियोगिता बी. ए. /बी. कॉम प्रथम वर्ष तथा द्वितीय वर्ष की छात्राओं के लिए आयोजित करवाने पर विचार किया गया।

छठी बैठक के कार्यवृत -

1.चित्रकारी प्रतियोगिता की सूचना और नियम पोस्टर द्वारा छात्राओं को व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से प्रेषित किए गए।

2.इस प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं ने भारत की वीरांगनाओं के बारें में विस्तृत जानकारी प्राप्त की और अत्यंत सुन्दर चित्र प्रस्तुत किए।



Scanned with CamScanner

DEPARTMENT OF HINDI
St. Bede's College, Shimla

# हिंदी विभाग - सातवीं बैठक

दिनांक - 20 अक्तूबर, 2022

उपस्थित - डॉ देविना अक्षयवर

सुश्री अंजना देवी

सुश्री नैनिका इक्का

सुश्री वंशिता पराशर

समय - 20 मिनट

सातवीं बैठक की कार्यसूची -:

- हिंदी विभाग का सूचना पत्र 'सृजन' तथा महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'इकोज' में छपने वाले विषयों के चयन पर चर्चा।
- वार्षिक पत्रिका 'इकोज'की सम्पादिका तथा सह सम्पादिका को पत्रिका से सम्बंधित आवश्यक निर्देश पर चर्चा।
- महाविद्यालय की छात्राओं को हिंदी अनुभाग के लिए लेख एवं आलेख लिखने की जानकारी देना।
- छात्राओं को प्रेरणामूलक निजी अनुभव लिखने पर चर्चा।

हिंदी विभाग में 20 अक्तूबर 2022 को विभागीय बैठक हुई ,जिसमें दोनों प्राध्यापिकाओं ने महाविद्यालय की पत्रिका 'इकोज' के हिंदी अनुभाग तथा हिंदी विभाग द्वारा प्रकाशित सूचना पत्र 'सृजन' को लेकर सम्पादिका तथा सह- सम्पादिका के साथ चर्चा की तथा उन्हें पत्रिका से सम्बंधित आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके साथ ही महाविद्यालय की पत्रिका तथा हिंदी विभाग के सूचना पत्र में छपने वाले विषयों के चयन को लेकर विचार -विमर्श किया गया। इस बैठक में महाविद्यालय की छात्राओं को 'हिंदी अनुभाग' के लिए लेख - आलेख लिखने की जानकारी देने तथा प्रेरणामूलक व निजी अनुभवों को लिखने हेतु प्रेरित करने की योजना बनाई गई। इसके अतिरिक्त प्राध्यापिकाओं द्वारा सम्पादिका तथा सह- सम्पादिका को लगन के साथ और सही समय पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

Scanned with CamScanner

DEPARTMENT OF HINDI
St. Bede's College, Shimla

सातवीं बैठक की कार्यवृत -

1.डॉ. देविना अक्षयवर तथा सुश्री अंजना देवी द्वारा'इकोज' पत्रिका तथा सूचना पत्र 'सृजन' में छपने हेतु महत्वपूर्ण विषयों का चयन किया गया।

2.छात्राओं द्वारा विभिन्न विषयों पर लेख -आलेख , मौलिक कविता इत्यादि प्रस्तुत किए गए।



Scanned with CamScanner

DEPARTMENT OF HINDI
St. Bede's College, Shimla

# हिंदी विभाग - आठवीं बैठक

दिनांक - 7 नवंबर, 2022

उपस्थित - डॉ. देविना अक्षयवर (हस्ताक्षर)

सुश्री अंजना देवी (हस्ताक्षर)

समय - 20 मिनट

**आठवीं बैठक की कार्यसूची -:**

- कार्यभार कार्य पर चर्चा
- परियोजना कार्य पर चर्चा
- एम एस टीम्स पर कार्यभार कार्य अपलोड करने पर चर्चा

हिंदी विभाग की आठवीं बैठक 7 नवंबर 2022 को हुई ,जिसमें दोनों प्राध्यापिकाओं के बीच छात्राओं को कार्यभार कार्य देने पर चर्चा की गई और तय किया गया कि प्रथम,द्वितीय तथा तृतीय वर्ष की छात्राओं को कोर्स के आधार पर कार्यभार कार्य दिया जाएगा। ताकि छात्राएं विषय के केंद्र बिंदु व मूल भाव को समझ सकें। इसके अतिरिक्त कार्यभार कार्य को एम एस टीम्स में अपलोड करने पर भी विचार किया गया। इसके साथ द्वितीय वर्ष (SEC ) तथा तृतीय वर्ष (DSC) कोर्स पर परियोजना कार्य को लेकर चर्चा की गई। ताकि छात्राएं फील्ड में जाकर व्यावहारिक रूप से विषय को समझ सकें।

**आठवीं बैठक के कार्यवृत -**

1.डॉ. देविना द्वारा बी. ए. /बी. कॉम प्रथम वर्ष तथा द्वितीय वर्ष की छात्राओं को कार्यभार कार्य दिया जाएगा ।

2.डॉ. देविना द्वारा बी. ए. द्वितीय वर्ष SEC की छात्राओं को अनुवाद पर आधारित परियोजना कार्य दिया जाएगा ।

3. सुश्री अंजना देवी द्वारा बी. ए. प्रथम वर्ष तथा द्वितीय वर्ष की छात्राओं को कार्यभार कार्य दिया जाएगा

4.सुश्री अंजना देवी ने बी. ए. तृतीय वर्ष की छात्राओं को 'लोक साहित्य' पर आधारित 'शिमला ज़िले का ऐतिहासिक अध्ययन' विषय पर परियोजना कार्य सौंपा गया।

5.अध्यापिकाओं द्वारा एम एस टीम्स पर कार्यभार के शीर्षक को अपलोड किया गया।



Scanned with CamScanner

DEPARTMENT OF HINDI
St. Bede's College, Shimla

## हिंदी विभाग - नौवीं बैठक

दिनांक - 9 फरवरी, 2023

उपस्थित - डॉ. देविना अक्षयवर

सुश्री अंजना देवी

समय - 30 मिनट

**नौवीं बैठक की कार्यसूची -:**

- अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर गतिविधि का आयोजन
- हिमाचल प्रदेश की विभिन्न बोलियों में रचनाएँ प्रस्तुत करने पर विशेष चर्चा।

हिंदी विभाग की नौवीं बैठक 9 फरवरी 2023 को हुई ,इस बैठक में दोनों प्राध्यापिकाओं के बीच अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर विशेष चर्चा की गई जिसमें भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देने के लिए हिमाचल प्रदेश की बोलियों पर बी. ए. /बी. कॉम प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष की छात्राओं के लिए लेख एवं आलेख प्रतियोगिता आयोजित करने पर विचार किया गया। छात्राओं को शिमला, सिरमौरी, मंडियाली,चंबियाली आदि हिमाचली बोलियों में मौलिक लेखन कार्यों में प्रोत्साहन देने पर विशेष चर्चा की गई।

**नौवीं बैठक के कार्यवृत -**

1.इस प्रतियोगिता के नियमों की सूचना छात्राओं को पोस्टर के माध्यम से प्रेषित की जाएगी।

2.बी. ए. /बी. कॉम प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा विभिन्न हिमाचली बोलियों में रचनाएँ प्रस्तुत की जाएगी।



Scanned with CamScanner

DEPARTMENT OF HINDI
St. Bede's College, Shimla

# हिंदी विभाग - दसवीं बैठक

दिनांक -13 फरवरी, 2023

उपस्थित - डॉ. देविना अक्षयवर

सुश्री अंजना देवी

समय - 30 मिनट

**दसवीं बैठक की कार्यसूची -:**

- श्रेष्ठ छात्राओं की प्रतिभा को निखारने तथा धीमी गति से सीखने वाली छात्राओं को सहयोग करने पर चर्चा
- धीमी गति से सीखने वाली छात्राओं की कमजोरियों को दूर करने पर विशेष चर्चा।

हिंदी विभाग की दसवीं बैठक 13 फरवरी 2023 को हुई जिसकी अध्यक्षता हिंदी विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. देविना अक्षयवर द्वारा की गई। दोनों प्राध्यापिकाओं के बीच में श्रेष्ठ छात्राओं तथा धीमी गति से सीखने वाली छात्राओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें कक्षा में धीमी गति से सीखने वाली छात्राओं की कमजोरियों को दूर करके सीखने में सुधार करने में मदद करना तथा श्रेष्ठ छात्राओं द्वारा धीमी गति से सीखने वाली छात्राओं को किस प्रकार प्रेरित किया जा सकता है इस पर विस्तृत चर्चा की गई।

**दसवीं बैठक के कार्यवृत -**

1. वी. ए. /वी. कॉम प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष तथा बी. ए. तृतीय वर्ष में धीमी गति से सीखने वाली छात्राओं की कमजोरियों को दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

2.श्रेष्ठ छात्राओं के माध्यम से धीमी गति से सीखने वाली छात्राओं को प्रोत्साहित किया जाएगा।

3.छात्राओं की समस्याओं को दूर करने के लिए उपचारात्मक (रिमीडियल) कक्षाएं ली जाएगी।

4.श्रेष्ठ छात्राओं की प्रतिभा को अधिक निखारने का प्रयास किया जाएगा।



Scanned with CamScanner

DEPARTMENT OF HINDI
St. Bede's College, Shimla

# हिंदी विभाग - ग्यारहवीं बैठक

दिनांक - 27 फरवरी, 2023

उपस्थित - डॉ देविना अक्षयवर
सुश्री स्निग्धा भट्ट
सुश्री अंजना देवी

समय - 30 मिनट

**ग्यारहवीं बैठक की कार्यसूची -:**

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गतिविधि का आयोजन।
- हिंदी विभाग के साथ डिबेट्स और ड्रामेटिक्स सोसाइटी की सहभागिता पर विशेष चर्चा।
- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर डिबेट्स एवं ड्रामेटिक्स सोसाइटी की सहभागिता से नुक्कड़ नाटक पर चर्चा।
- हिंदी विभाग की छात्राओं द्वारा रैली के माध्यम से समाज को जागरूक करने पर विचार - विमर्श।

सेंट बीड्स महाविद्यालय के हिंदी विभाग में 27 फरवरी 2023 को विभागीय बैठक की गई। बैठक में तीनों प्राध्यापिकाओं के बीच अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों के आयोजन पर विचार किया गया। इस अवसर पर हिंदी विभाग द्वारा डिबेट्स एवं ड्रामेटिक्स सोसायिटी से सहयोग लेने पर विचार किया गया। जिसमें हिंदी विभाग तथा डिबेट्स एवं ड्रामेटिक्स सोसायिटी की सहभागिता से मॉल रोड शिमला ऐम्फी थियेटर में नुक्कड़ नाटक आयोजित करने पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त हिंदी विभाग की बी. ए. /बी. कॉम प्रथम तथा द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा शेरे पंजाब से ऐम्फी थियेटर तक रैली के माध्यम से समाज को जागरूक करने की योजना बनाई गई और छात्राओं द्वारा नारा लेखन तथा पोस्टर बनवाने पर भी चर्चा की गई।

**ग्यारहवीं बैठक के कार्यवृत -**

1. हिंदी विभाग तथा डिबेट्स एवं ड्रामेटिक्स सोसायिटी की सहभागिता में ऐम्फी थियेटर में नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया।

2. हिंदी विभाग की बी. ए. /बी. कॉम प्रथम तथा द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा शेरे पंजाब से ऐम्फी थियेटर तक रैली का आयोजन।

3. महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा पोस्टर निर्माण तथा नारा लेखन का कार्य किया गया।



Scanned with CamScanner